आदेश

सचिव, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा आगामी विषम सेमेस्टर दिसम्बर 2024 हेतु शैक्षिक कैलेण्डर प्रेषित किया गया है जिसके अनुपालन में वर्तमान विषम सेमेस्टर हेतु संस्थागत द्वितीय एवं अंतिम वर्ष के छात्र/छात्राओं के पठन-पाठन एवं अन्य क्रियाकलाप का कार्य दिनांक 12.08.2024 से प्रचलित है।

अतः उक्त के अनुक्रम में संस्थागत द्वितीय वर्ष के छात्र/छात्राओं को पुनः आदेशित किया जाता है कि वे सभी अपनी पूर्व के सेमेस्टर/वर्ष के परीक्षा परिणाम की प्रतीक्षा किये बिना तत्काल प्रभाव से अपनी वर्तमान तृतीय सेमेस्टर की कक्षाओं में उपस्थित होकर अपने विभाग के विभाग प्रभारी से सम्पर्क स्थापित कर पठन-पाठन करना सुनिश्चित करें। उक्त के साथ-साथ अंतिम वर्ष के ऐसे समस्त छात्र-छात्राएं जिनके द्वितीय वर्ष के पाठ्यक्रम से संबंधित ग्रीष्म कालीन प्रशिक्षण (समर ट्रेनिंग) का कार्य सम्पन्न हो चुका है वे सभी तत्काल अपनी वर्तमान पंचम सेमेस्टर की कक्षाओं में उपस्थित होकर अपने विभाग के विभाग प्रभारी से सम्पर्क स्थापित कर पठन-पाठन करना सुनिश्चित करें एवं अंतिम वर्ष के अवशेष छात्र-छात्राएं अपने द्वितीय वर्ष के पाठ्यक्रम से संबंधित ग्रीष्म कालीन प्रशिक्षण (समर ट्रेनिंग) का कार्य समाप्त होने के पश्चात तत्काल अपनी वर्तमान पंचम सेमेस्टर की कक्षाओं में उपस्थित होकर अपने विभाग के विभाग प्रभारी से सम्पर्क स्थापित कर पठन-पाठन करना सुनिश्चित करें

(मुकेश जैन)
प्रधानाचार्य

पृ0सं0- 694-95 /विविध/2024-25 दिनांकः- 04/09/2024

प्रतिलिपिः-

1. समस्त विभाग प्रभारी संस्थागत को इस निर्देश के साथ कि आप स्वयं के स्तर से भी संबंधित छात्र-छात्राओं को अवगत कराते हुए वर्तमान में संचालित विषम सेमेस्टर से संबंधित अपने विभाग की कक्षाओं का संचालन कराना सुनिश्चित करें।
2. शैक्षणिक अधिकारी/प्रभारी संस्थागत को इस निर्देश के साथ कि आप संस्थागत समस्त विभाग प्रभारियों से समन्वय स्थापित कर उपरोक्तानुसार संबंधित छात्र-छात्राओं का शिक्षण-प्रशिक्षण का कार्य परिषद द्वारा निर्गत समय-सारिणी के अनुरूप कराना सुनिश्चित करेंगे।

(मुकेश जैन)
प्रधानाचार्य

Scanned with OKEN Scanner